RAJASTHAN BOARD

# QUESTION PAPER

2024

DOWNLOAD PDF

A6LASEM.COM

RBSE

| कुल छपे प्रश्नों की संख्या 24 |
|---|
| कुल छपे पृष्ठों की संख्या 6 |

AP-(XI) हिन्दी साहित्य–

| नामांक | | | | |
|---|---|---|---|---|

# वार्षिक परीक्षा सत्र - 2023-24

## विषय : हिन्दी साहित्य

समय : 3¼ घंटे | कक्षा - XI ( ग्यारहवीं ) | पूर्णांक : 100

निर्देश : ( 1 ) सभी प्रश्नों को हल करना अनिवार्य है।
( 2 ) प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न के सामने अंकित हैं।
( 3 ) सर्वप्रथम विद्यार्थी अपने नामांक प्रश्न-पत्र पर अनिवार्यतः लिखें।

### खण्ड—अ

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए— 14×1=14

( i ) मेले में जाते समय हामिद को दादी ने कितने पैसे दिए ?
( अ ) चार आने ( ब ) पाँच पैसे ( स ) तीन पैसे ( द ) बारह पैसे

( ii ) 'दोपहर का भोजन' गद्य की कौनसी विधा है ?
( अ ) उपन्यास ( ब ) कहानी ( स ) रिपोर्ताज ( द ) संस्मरण

( iii ) 'गूँगे' कहानी में मंदिर की मूर्ति की तरह बताया गया है ?
( अ ) शकुंतला को ( ब ) गूँगे को
( स ) चमेली को ( द ) चमेली के पति को

( iv ) आदमी की औकात कहाँ पता चलती है ?
( अ ) शादी होने पर
( ब ) कठिन समस्या का सामना करने पर
( स ) लड़ाई करने पर
( द ) घर से बाहर कदम रखने पर

( v ) कबीर किस काव्यधारा के कवि हैं ?
( अ ) निर्गुण ज्ञानाश्रयी ( ब ) निर्गुण प्रेमाश्रयी
( स ) सगुण रामकाव्यधारा ( द ) सगुण कृष्णकाव्यधारा

( vi ) ''मुरली तऊ गुपालहिं भावति'' पद में मुरली किसको प्रिय है ?
( अ ) गोपियों को ( ब ) ग्वालबालों को
( स ) कृष्ण को ( द ) राधा को

( vii ) 'मिमटा पंख साँझ की लाली, जा बैठी अब तरु शिखरों पर।' इन पंक्तियों में संध्या की लालिमा पर किसका आरोप किया गया है ?
( अ ) पक्षी का ( ब ) दानव का
( स ) अंधकार का ( द ) सूरज का

( viii ) 'मोम के बंधन संजीले' का आशय है—
( अ ) मोम की सजावट ( ब ) सांसारिक आकर्षण
( स ) जीवन की कठिनाइयाँ ( द ) दुर्बलता


aglasem.com

( ix ) लेखक के चित्रकला की प्रतिभा कहाँ पर उभर कर सामने आई ?
( अ ) लेखक के घर पर ( ब ) लेखक की दुकान पर
( स ) लेखक के बोर्डिंग स्कूल में ( द ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

( x ) मकबूल ने ऑयल कलर की ट्यूबें खरीदने के लिए अपनी कौनसी किताबें बेच दी ?
( अ ) हिंदी और अंग्रेजी ( ब ) उर्दू और हिंदी
( स ) भूगोल और इतिहास ( द ) कॉमर्स

( xi ) 'आवारा मसीहा' में किसकी जीवनी प्रस्तुत की गई है ?
( अ ) सुभाष चन्द्र बोस ( ब ) विष्णु प्रभाकर
( स ) दयानंद सरस्वती ( द ) शरतचन्द्र चट्टोपाध्याय

( xii ) शरत् को जनमेजय की तरह नाग यज्ञ करने की प्रेरणा कहाँ से मिली ?
( अ ) विषाक्त साँप के काटने से ( ब ) तपोवन से
( स ) संसार कोश नामक पुस्तक से ( द ) मृत्युंजय सपेरे से

( xiii ) सम चरणों में 13-13 मात्राएँ और विषम चरणों में 11-11 मात्राएँ कौनसे छंद में होती हैं ?
( अ ) दोहा ( ब ) सोरठा ( स ) रोला ( द ) मालिनी

( xiv ) एक गण में वर्णों की संख्या होती है—
( अ ) दो ( ब ) तीन ( स ) चार ( द ) पाँच

2. निम्नलिखित रिक्तस्थानों की पूर्ति उचित उत्तर से कीजिए— 6×1=6

( i ) स्थाई भाव के उद्दीप्त होने पर आलंबन द्वारा की जाने वाली चेष्टाएँ ..... कहलाती हैं।

( ii ) आचार्य भरत मुनि ..... को काव्य की आत्मा माना है।

( iii ) जहाँ शब्द की आवृत्ति हो, किंतु अर्थ भी भिन्न हो, वहाँ ..... अलंकार होता है।

( iv ) 'तुम मम प्रिय भरतहि सम भाई।' पंक्ति में ..... अलंकार प्रयुक्त हुआ है।

( v ) स्वर-व्यंजन के उच्चारण में लगने वाले समय को ..... कहते हैं।

( vi ) मालिनी छंद के प्रत्येक चरण में ..... वर्ण होते हैं।

3. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए— 8×1=8

गाँधी जी के अनुसार शिक्षा, शरीर, मस्तिष्क और आत्मा का विकास करने का माध्यम है। वे बुनियादी शिक्षा के पक्षधर थे। उनके अनुसार प्रत्येक बच्चे को अपनी मातृभाषा की निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा मिलनी चाहिए, जो उसके आसपास की जिंदगी पर आधारित हो, हस्तकला एवं काम के जरिए दी जाए, रोजगार दिलाने के लिए बच्चों को आत्मनिर्भर बनाएं तथा नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों का विकास करने वाली हो। गाँधी जी के उक्त विचारों से स्पष्ट है कि वे व्यक्ति और समाज के संपूर्ण जीवन पर अपनी मौलिक दृष्टि रखते थे। उन्होंने अपने जीवन में सामाजिक और राजनीतिक आंदोलन में भाग लेकर भारतीय समाज एवं राजनीति में इन मूल्यों



aglasem.com

को स्थापित करने की कोशिश की। गाँधी जी की सारी सोच भारतीय परंपरा की सोच है तथा उनके दिखाए मार्ग को अपनाकर प्रत्येक व्यक्ति और संपूर्ण राष्ट्र वास्तविक स्वतंत्रता सामाजिक सद्भाव और सामुदायिक विकास को प्राप्त कर सकता है। भारतीय समाज जब-जब भटकेगा तब-तक गांधी जी उसका मार्गदर्शन करने में सक्षम रहेंगे।

(i) गाँधी जी के अनुसार प्रत्येक बच्चे को किसकी अनिवार्य शिक्षा मिलनी चाहिए?

(ii) गाँधी जी किस शिक्षा के पक्षधर थे?

(iii) बच्चों को आत्मनिर्भर कौनसी शिक्षा बनाती है?

(iv) बुनियादी शिक्षा में बच्चों को किस परिवेश की शिक्षा देनी चाहिए?

(v) बुनियादी शिक्षा से क्या तात्पर्य है?

(vi) गाँधी जी के अनुसार शिक्षा किनके विकास का माध्यम है?

(vii) गाँधी जी ने भारतीय समाज एवं राजनीति में किन मूल्यों को स्थापित करने की कोशिश की?

(viii) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक बताइए।

4. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए— 7×1=7

वर्षों तक वन में घूम-घूम, बाधा विघ्नों को चूम-चूम।
यह धूप घाम, पानी पत्थर, पांडव आए कुछ और निखर।
सौभाग्य न सब दिन सोता है, देखें आगे क्या होता है।
मैत्री की राह बताने को, सबको सुमार्ग पर लाने को।
दुर्योधन को समझाने को, भीषण विध्वंस बचाने को।
भगवान हस्तिनापुर आए, पांडव का संदेशा लाए।
दो न्याय अगर तो आधा दो, पर इसमें भी यदि बाधा हो।
तो दे दो केवल पाँच ग्राम, रखो अपनी धरती तमाम।
हम वहीं खुशी से खाएँगे, परिजन पर असि न उठाएँगे।
दुर्योधन वह भी दे न सका, आशीष समाज का ले न सका।
उल्टे हरि को बांधने चला, जो था असाध्य, साधने चला।
जब नाश मनुज पर छाता है, पहले विवेक मर जाता है।

(i) भगवान कृष्ण पांडवों का संदेश लेकर कहाँ गए थे?

(ii) श्री कृष्ण ने युद्ध टालने हेतु कितने गाँवों की मांग की थी?

(iii) 'उलटे हरि को बाँधने चला' हरि शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

(iv) 'जब नाश मनुज पर छाता है, पहले विवेक मर जाता है।' पंक्ति को चरितार्थ करने वाली बताइए।

(v) पद्यांश के अनुसार न्यायोचित क्या है?

(vi) 'परिजन पर असि न उठाएँगे' पंक्ति में 'असि' शब्द का क्या अर्थ है?

(vii) पद्यांश का उचित शीर्षक बताइए।


aglasem.com

## खण्ड—ब

लघुत्तरात्मक प्रश्न—( उत्तर शब्द सीमा-अधिकतम 40 शब्द )

9. उलटा पिरामिड शैली की लेखन प्रक्रिया को समझाइए। 2
6. रेडियो के लिए समाचार लेखन की बुनियादी बातें क्या हैं ? बताइए। 2
7. श्लेष अलंकार को उदाहरण सहित समझाइए। 2
8. लेखक ने जापानियों की संज्ञा किससे की है और क्यों ? 2
9. मानवीय अधिकारों के संबंध में ज्योतिबा की क्या अवधारणा थी ? 2
10. कस्तुरी मृग के अपने पर ही चिढ़ने का क्या कारण है ? 2
11. शरत् के पिता का क्या शौक था ? वह अपने शौक को पूरा क्यों नहीं कर पाते थे ? 2
12. 'रांगेय राघव' अथवा 'सुमित्रानंदन पंत' में से किसी एक का साहित्यिक परिचय लिखिए। 2

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न—( उत्तर शब्द सीमा-अधिकतम 60 शब्द )

13. अमरकांत की 'दोपहर का भोजन' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। 3
14. ''कोई छींकता तक नहीं।''
इस डर से
कि मगध की शांति
भंग न हो जाए। पंक्तियों का काव्य सौंदर्य स्पष्ट कीजिए। 3
15. लेखक मकबूल फिदा हुसैन ने ड्राइंग के प्रति अपनी अभिरुचि का वर्णन किस प्रकार किया है ? बताइए। 3

## खण्ड—स

निबंधात्मक प्रश्न—( उत्तर शब्द सीमा—अधिकतम 80 शब्द )

16. 'भारत के लोगों में नेतृत्व की भावना नहीं और नेतृत्व प्रदान करने वाले अपनी जिम्मेदारी का अनुभव नहीं करते।' उक्त कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं ? बताइए। 4

अथवा

पूरी कहानी में जानकी न तो शासन-तंत्र के समर्थन में है न विरोध में, किंतु लेखक ने उसे केन्द्र में ही नहीं रखा बल्कि कहानी का शीर्षक बना दिया। क्यों ?

17. ''मुरली तऊ गुपालहिं भावति।'' पद के माध्यम से गोपियों की चित्तवृत्ति का उल्लेख कीजिए। 4

अथवा

''तट पर बगुलों-सी वृद्धाएँ, विधवाएँ जप, ध्यान में मग्न
मन्थर धारा में बहता, जिनका अदृश्य, गति अंतर-रोदन!''
पंक्ति का काव्य सौंदर्य स्पष्ट कीजिए ?

18. 'शरत् के व्यक्तित्व पर उसके पिता के स्वभाव की झलक दिखाई देती है।' कथन की सार्थकता स्पष्ट कीजिए। 4


aglasem.com

19. आपके विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव का एक प्रतिवेदन तैयार कीजिए। 4

20. हरिदेव जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बाँसवाड़ा की विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति की सत्रारम्भ से पूर्व होने वाली बैठक हेतु कार्यसूची बनाइए। 4

21. शासन सचिव, शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर को विद्यालयों में शैक्षिक वातावरण निर्माण हेतु एक अर्द्धशासकीय पत्र लिखिए। 5

अथवा

स्वयं को बाँसवाड़ा निवासी कुमार सुधांशु मानते हुए एक स्ववृत्त तैयार कीजिए।

खण्ड—द

नोट—निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए— 5

22. उसके पास न्याय का बल है और नीति की शक्ति। एक ओर मिट्टी है दूसरी ओर लोहा, जो इस वक्त अपने को फौलाद कह रहा है। वह अजेय है, घातक है। अगर कोई शेर आ जाए, तो मियाँ भिश्ती के छक्के छूट जाएँ, मियाँ सिपाही मिट्टी की बन्दूक छोड़ कर भागें, वकील साहब की नानी मर जाए, चोगे में मुँह छिपाकर जमीन पर लेट जाएँ। मगर यह चिमटा, यह बहादुर, यह रुस्तमे-हिंद लपककर शेर की गर्दन पर सवार हो जाएगा और उसकी आँखें निकाल लेगा।

अथवा

''भाइयों और बहनों, डरो मत। जहाँ अन्धकार है वहीं प्रकाश है। अन्धकार में प्रकाश की किरण है, जैसे प्रकाश में अन्धकार की किंचित् कालिमा है। प्रकाश भी है। प्रकाश बाहर नहीं है, उसे अन्तर में खोजो। अन्तर में बुझी उस ज्योति को जगाओ, मैं तुम सबका उस ज्योति को जगाने के लिए आह्वान करता हूँ। मैं तुम्हारे भीतर की वही शाश्वत ज्योति को जगाना चाहता हूँ। हमारे 'साधना-मन्दिर' में आकर उस ज्योति को अपने भीतर जगाओ।''

23. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए— 5

बाँध लेंगे क्या तुझे यह मोम के बंधन सजीले ?
पंथ की बाधा बनेंगे तितलियों के पर रंगीले ?
विश्व का क्रंदन भुला देगी मधुप की मधुर गुनगुन,
क्या डुबा देंगे तुझे यह फूल के दल ओस-गीले ?
तू न अपनी छाँह को अपने लिए कारा बनाना!
जाग तुझको दूर जाना!

अथवा

माँ की आँखें पड़ाव से पहले ही
तीर्थ-यात्रा की बस के
दो पंचर पहिए हैं।
पिता की आँखें—


aglasem.com

लोहसाँय की ठंडी शलाखें हैं
बेटी की आँखें मंदिर में दीवट पर
जलते घी के
दो दीए हैं।

24. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए—( उत्तर शब्द सीमा : 300 शब्द ) 5

( i ) पर्यटन की अपार संभावनाएँ और भारत
( ii ) लोकतंत्र और मीडिया
( iii ) मेरा प्रिय कवि
( iv ) 21वीं सदी का भारत
( v ) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व

❐ ❐ ❐


aglasem.com

# QUESTION PAPERS

GET PREVIOUS YEAR QUESTION PAPERS FOR ALL CLASSES FOR CBSE, ISCSE, ISC AND ALL ALL STATE BOARDS HERE AT AGLASEM.COM

BOARD WISE

- Andhra Pradesh Board Question Papers
- Assam Board Question Papers
- Bihar Board Question Papers
- Chhattisgarh Board Question Papers
- Goa Board Question Papers
- Gujarat Board Question Papers
- Haryana Board Question Papers
- Himachal Pradesh Board Question Papers
- J&K State Board Question Papers
- Jharkhand Board Question Papers
- Karnataka Board Question Papers
- Kerala Board Question Papers
- Madhya Pradesh Board Question Papers
- Maharashtra State Board Question Papers
- Manipur Board Question Papers
- Meghalaya Board Question Papers
- Mizoram Board Question Papers
- Nagaland Board Question Papers
- Orissa Board Question Papers
- Punjab Board Question Papers
- Rajasthan Board Question Papers
- Tamil Nadu Board Question Papers
- Telangana State Board Question Papers
- Tripura Board Question Papers
- Uttarakhand Board Question Papers
- Uttar Pradesh (UP) Board Question Papers
- West Bengal (WB) Board Question Papers